

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक 1st ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

**25 September 2022**



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 25 सितंबर का इतिहास

- **1524 :** वास्कोडिगामा आखिरी बार वायसराय बनकर भारत आए।
- **2006 :** दलाई लामा को भारतीय नागरिकता देने की मांग।
- **2009 :** भारतीय प्रवर्तन निदेशालय ने लगभग पाँच हजार करोड़ रूपये के हवाला नेटवर्क का भण्डाफोड़ किया।
- **1846 :** अमेरिकी सेना ने मेक्सिको के मोंटेरी पर कब्जा किया।
- **1340 :** इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1992 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मार्स ऑब्जर्वर स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष में भेजा

## 25 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बोगीबील और गुइजान में दो फ्लोटिंग जेटी के निर्माण की आधारशिला रखी। दोनों घाटों का निर्माण IWAI द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर किया जाएगा। इन्हें फरवरी 2023 तक 8.25 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जाएगा।
- वर्चुअल मोड में इंडस्ट्री 4.0 पर प्रतिष्ठित सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप और OCP-1 (ओपन चैलेंज प्रोग्राम-1) की सॉफ्ट लॉन्चिंग की गई। इसे चीफ मेंटर (कल्पतरू) SPTI (सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया) के महानिदेशक और STPINEXT के अध्यक्ष द्वारा लॉन्च किया गया। इंडस्ट्री 4.0 औद्योगिक क्रांति के चौथे चरण को संदर्भित करता है। यह इंटरकनेक्टिविटी, ऑटोमेशन, मशीन लर्निंग और रीयल-टाइम डेटा पर विशेष ध्यान केंद्रित करता है।
- बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण तंत्र में लगभग 1400 बिलियन यूनिट की संपूर्ण वार्षिक विद्युत खपत को प्रेषित करने के लिये केंद्रीकृत शेडयूलिंग की परिकल्पना की गई है। बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण तंत्र अंतर्राज्यीय और राज्य के भीतर दोनों में विद्युत प्रेषण की केंद्रीकृत शेडयूलिंग का प्रस्ताव करता है। बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण यह सुनिश्चित करेगा कि देश भर में सबसे सस्ते उत्पादन के संसाधनों को समग्र प्रणाली की मांग को पूरा करने के लिये उपयोग किया जाए। इस प्रकार यह व्यवस्था वितरण कंपनियों और विद्युत उत्पादकों दोनों के लिये ही एक सफल प्रयास होगी और अंततः इससे विद्युत उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण वार्षिक बचत भी होगी।
- भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने समाधान में मूल्य को अधिकतम करने के लिए विनियमन में संशोधन किया। संशोधित विनियमन दिवाला समाधान प्रक्रिया के माध्यम से एक इकाई की एक या अधिक संपत्तियों की बिक्री की अनुमति देगा। नियमन में संशोधन से यह सुनिश्चिम होगा कि दिवालिया कंपनी ओर उसकी संपति के बारे में जानकारी बाजार के लिए उपलब्ध हो। संशोधन से दिवालिया समाधान के लिए बेहतर बाजार आधारित समाधानों को बढ़ावा मिलेगा।
- भारतीय सेना ने अपनी वार्षिक सेना दिवस परेड को दिल्ली से बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय लिा है। और इसे वर्ष 2023 में दक्षिणी कमान क्षेत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सेना के अधिकारियों के अनुसार परेड अब अलग-अलग स्थानों पर बारी-बारी से आयोजित की जाएगी और प्रतिवर्ष इसके आयोजन की जगह बदली जाएगी।
- भारत सरकार ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिये अधिक अन्वेषण और उत्पादन के लिये निवेश आकर्षित करने हेतु विभिन्न पहल कर रही है। भारत का ऊर्जा क्षेत्र दुनिया में सबसे विविध क्षेत्रों में से एक है। भारत में कोयला, लिग्नाइट, प्राकृतिक गैस, तेल, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा जैसे विद्युत उत्पादन के पारंपरिक स्रोतों से लेकर पवन, सौर, कृषि घरेलू अपशिष्ट जैसे व्यवहार्य गैर-पारंपरिक स्रोत उपलब्ध हैं।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 साल से अधिक समय के बाद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को PCA (शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई) ढांचे से हटा दिया।
- गुजराती फिल्म छेलो शो ऑस्कर 2023 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्ठि है।
- शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान, चेन्नई में चमड़ा क्षेत्र में कौशल विकास के लिए स्केल एप लॉन्च किया। यह चमड़ा उद्योग के कौशल, विद्या, मूल्यांकन और रोजगार की जरूरतों के लिए वन स्टॉप समाधान है। कौशल विकास और चमड़ा क्षेत्र कौशल परिषद पूरे भारत में सामान्य सुविधाएं और कौशल केंद्र स्थापित करने के लिए सहयोग करेंगे। भारतीय चमड़ा उद्योग दुनिया के चमड़े/खाल के उत्पादन में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान देता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने यस बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राम सुब्रमण्यम गांधी की नियुक्ति को मंजूरी दी।
- भारत और मिश्र ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। भारत और मिश्र संयुक्त अभ्यास के संचालन और प्रशिक्षण के लिए कर्मियों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर भी सहमत हुए।

काव्य क्लासेज
डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व फार्मासिस्ट दिवस (World Pharmacist Day) हर साल कब मनाया जाता है?**

(A) 25 सितंबर (B) 26 सितंबर
(C) 27 सितंबर (D) 28 सितंबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर साल 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदानों को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मान देना है। इसके साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद फार्मेसी पेशे को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना भी है।




**2. हाल ही में किस राज्य ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) गुजरात
(C) केरल (D) ओडिशा

**(D)** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य सरकार के कर्मचारियों को एक नई सौगात दी है। उन्होंने महंगाई भते में 3 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस वृद्धि से राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 31 प्रतिशत से बढ़कर 34 प्रतिशत हो जाएगा।



**3. समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन फिन्स हब नामक वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म को किसने लॉन्च किया है ?**

(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन (B) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
(C) संयुक्त राष्ट्र महासभा (D) विश्व आर्थिक मंच

**(B)** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने यूके स्थित चैरिटी रीफ-वर्ल्ड फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रीन फिन्स हब लॉन्च किया है। ग्रीन फिन्स हब एक वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो संवहनीय समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देगा। यह प्लेटफॉर्म दुनिया भर में डाइनिंग और स्नॉर्कलिंग ऑपरेटरों को आजमाए हुए और परीक्षण किए गए समाधानों का उपयोग करके अपनी दैनिक प्रथाओं में सरल, लागत प्रभावी परिवर्तन करने में मदद करेगा।




**4. आम लोगों की शिकायतों को दूर करने के लिए CM Da Haisi (आइए CM को सूचित करें) नामक पोर्टल को किसने लॉन्च किया है ?**

(A) हेमंत बिस्वा सरमा (असम के मुख्यमंत्री)
(B) पिनाराई विजयन (केरल के मुख्यमंत्री)
(C) N.बीरेन सिंह (मणिपुर के मुख्यमंत्री)
(D) एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री)

**(C)** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने आम लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए इम्फाल में एक वेब-पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल के जरिये जनता की शिकायतों का एक निर्धारित समय में निवारण किया जा सकेगा।



**5. प्रदेश में स्टेट क्राईम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा किस ऐप के माध्यम से नो पार्किंग व ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्यवाही की जाएगी ?**

(A) हमसफर सिटीजन ऐप (B) राजकोषीय सिटीजन ऐप
(C) CLICK सिटीजन ऐप (D) स्पर्श सिटीजन ऐप

**(B)** गोवा, दिल्ली की तर्ज पर अब स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने राजकॉप सिटीजन एप के माध्यम से पार्किंग व ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई होगी। इस एप को मोबाइल में डाउनलोड करने के बाद फोटो या वीडियो अपलोड करना होगा। इसका अलर्ट ट्रैफिक पुलिस के पास जाएगा। इसके आधार पर चालान और कार्रवाई होगी। इस परेशानी को लेकर जयपुर सहित प्रदेश के टॉप 5 शहरों का एक सर्वे करवाया गया।



**6. नवीरकणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अडाणी ग्रीन ने 325 मेगावॉट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना कहां शुरू की है ?**

(A) धार, मध्यप्रदेश (B) अंबाला, हरियाणा
(C) पुणे, महाराष्ट्र (D) चेन्नई, तमिलनाडु

**(A)** अडाणी ग्रीन ने मध्यप्रदेश के धार जिले में 324.4 मेगावाट का पवन ऊर्जा संयंत्र शुरू किया है। इस संयंत्र के चालू होने के बाद अडाणी ग्रीन की परिचालन उत्पादन क्षमता बढ़कर 6.1 गीगावॉट हो गई है। नए चालू किए गए संयंत्र का प्रबंधन अडाणी समूह के एनर्जी नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर प्लेटफॉर्म द्वारा किया जाएगा।



**7. संयुक्त राष्ट्र महासभा का कौनसा सत्र संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होगा ?**

(A) 76वाँ (B) 77वाँ
(C) 78वाँ (D) 79वाँ

**(B)** हाल ही में भारत के विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वाँ उच्च स्तरीय सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे। UNGA संयुक्त राष्ट्र का मुख्य नीति-निर्माण अंग है। यह अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बहुपक्षीय चर्चा के लिए सदस्य देशों को एक अनूठा मंच प्रदान करता है। इसमें किसी मुद्द पर मतदान के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के पास एक समान मत होता है।




**8. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा आर्थिक कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकार पुरस्कार योजना शुरू हुई है ?**

(A) राजस्थान (B) हरियाणा
(C) मध्यप्रदेश (D) ओडिशा

**(A)** राजस्थान सरकार ने आर्थिक कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों की मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकार पुरस्कार योजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। योजना के तहत कक्षा दस एवं 12वीं संकाय कला, विज्ञान, वाणिज्य की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले को 50 हजार रूपये नकद मय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



**9. हाल ही में राजस्थान में पूर्ण रूप से विकलांग व्यक्तियों को हर महीने सरकार द्वारा कितने रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा ?**

(A) 1000 रूपये (B) 1500 रूपये
(C) 2000 रूपये (D) 5000 रूपये

**(A)** राजस्थान सरकार ने यह तय किया है कि वो राज्य के पूर्ण रूप से विकलांग व्यक्तियों को हर महीने 1000 रूपये का आर्थिक सहयोग देंगे। यह सहयोग विकलांग व्यक्तियों को पहले से मिल रहे आर्थिक सहयोग से अलग दिया जाएगा। यानी जिन पात्र विकलांग व्यक्तियों को पहले से राज्य सरकार की तरफ से आर्थिक सहयोग दिया जा रहा था उन्हें वो राशि मिलती रहेगी। उसके साथ-साथ यह 1000 रूपये उन्हें दिया जाएगा जो पूर्ण रूप से विकलांग है।



**10. किस भारतीय राज्य ने नीति आयोग की तर्ज पर राज्य स्तरीय संस्थान स्थापित करने की घोषणा की है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) उत्तरप्रदेश
(C) मध्यप्रदेश (D) पश्चिम बंगाल

**(A)** महाराष्ट्र में नीति आयोग की तर्ज पर एक राज्य स्तरीय संस्थान स्थापित करने की घोषणा की गई है। यह संस्था राज्य में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पर्यावरण, रोजगार जैसे क्षेत्रों में भारी बदलाव लाने में मदद करेगी।

